हरिभूमि


# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

11 बैजलपुर के सरपंच पर भ्रष्टाचार के गंभीर…



12 पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में जाखल पूर्णतया बंद…



## खबर संक्षेप

### 11 भेड़ों की मौत मुआवजे की मांग

**सिरसा।** जिला के गांव दारेवाला में खारे पानी से 11 भेड़ों की मौत हो गई। ये भेड़ें खेत में बने ट्यूबवेल के खाल से पानी पीने के बाद बीमार पड़ गई। किसान ने सरकार से आर्थिक मुआवजे की भी गुहार लगाई है। किसान हंसराज की कुल 30 से अधिक भेड़ें थी। पानी पीने के 1 घंटे के भीतर ही 11 भेड़ों की मौत हो गई। दो अन्य भेड़ें अभी भी बीमार हैं। पशु डॉक्टर ने जांच के बाद इसे फूड प्वाइजनिंग का मामला बताया है।

### रॉयल स्कूल में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**फतेहाबाद।** गांव खाराखेड़ी स्थित रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों के बीच एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 'मतदान की उम्र 18 साल या इससे कम व पॉकेट मनी : बच्चों के लिए जरूरी या नहीं' नामक दो विषयों पर आधारित थी। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों बोस, नेहरू, विवेकानंद व टैगोर के प्रतिभागियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।

### पुलिस ने दो शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शराब तस्करों की धरपकड़ करते हुए जिला पुलिस ने लोगों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में थाना भूना पुलिस पीएसआई संदीप कुमार के नेतृत्व में गश्त पर थी तो उन्हें सूचना मिली कि सुशील पुत्र जगदीश निवासी गोरखपुर ने अपने दोस्त सोनू पुत्र सतपाल के मकान में काफी शराब की पेटियां रखी हुई है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां सुशील मौजूद मिला।

### भगवान परशुराम का जन्मोत्सव 29 को

**सिरसा।** आगामी 29 अप्रैल को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से श्री गीता भवन मंदिर के प्रांगण में मनाया जाएगा। सचिव जयप्रकाश शर्मा व समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने बताया कि 29 अप्रैल की सुबह 7.30 बजे हवन होगा। जिसमें समस्त ब्राह्मण समाज की ओर से आहूति डालकर पुण्य कमाया जाएगा। इसके बाद सुबह 10 बजे भगवान परशुराम चौक पर माल्यार्पण कार्यक्रम होगा। माल्यार्पण कार्यक्रम में समस्त समाज के प्रबुद्धजन भाग लेंगे।

### गोशाला प्रधान से मारपीट, की तोड़फोड़

**सिरसा।** जिला में एक गौशाला के प्रधान से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में सिरसा के गांव रंगड़ी खेड़ा निवासी भजन लाल कंबोज ने बताया कि वह गांव की श्री नंदी गौशाला का प्रधान है। बीती रात को वह अपने घर पर ही था। करीब 9 बजे गौशाला की महिला कर्मचारी प्रियंका का फोन आया और कहा कि गांव के ही जोंटी, तरसेम, गोगी दो से तीन शरारती तत्व आए हुए हैं और उसके साथ बदतमीजी कर रहे हैं।

### ट्रैक्टर-ट्राली से सरसों का थैला लेकर युवक फरार

**सिरसा।** रानियां रोड स्थित काली माता के मंदिर के समीप मोटरसाइकिल सवार युवक एक किसान के ट्रैक्टर-ट्रॉली से सरसों का गट्टा चुराकर भाग गया। पुलिस को दी शिकायत में गांव फतेहपुरिया नियामत खां निवासी राजकुमार ने बताया कि वह अपने गांव से सरसों की ट्रॉली लेकर सिरसा आ रहा था। रानियां रोड पर काली माता के मंदिर के समीप एक लडक़े ने आकर उसे बताया कि ट्रॉली पर एक लडक़ा बैठा है, जो सरसों के बैग चोरी कर रहा है। जब उसने ट्रैक्टर साइड में कर देखा तो युवक ट्रॉली से कूद गया और एक गट्टा बाइक पर डालकर भाग गया।

---

## मार्किटिंग बोर्ड ने एस्टीमेट तैयार कर भेजा मुख्यालय, जल्द शुरू होगा निर्माण

# अतिरिक्त अनाज मंडी का होगा विस्तार

# 40 एकड़ में बनेंगे शैड, सड़कें और दुकानें


हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अगले वर्ष तक गेहूं के सीजन में किसानों को फतेहाबाद की अतिरिक्त अनाज मण्डी में फसल रखने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। इसके अलावा यहां नए शैड व सडक़ें बनाई जाएंगी। मार्किटिंग बोर्ड ने अतिरिक्त अनाज मण्डी के विस्तार के लिए एस्टीमेट तैयार कर मुख्यालय को भेजा है। मार्किटिंग बोर्ड ने यहां खाली पड़ी करीब 40 एकड़ जगह पर सडक़ें, शैड व एससीएफ बनाना चाहता है।

*पेड़ व झाड़ियों को काटने के लिए वन विभाग से अनुमति ली*

मार्किट कमेटी ने यहां 40 एकड़ में खड़े कीकर के पेड़ व झाड़ियों को काटने के लिए वन विभाग से अनुमति भी ले ली है। अब मार्किटिंग बोर्ड से एस्टीमेट पास होते ही यहां विस्तार का काम शुरू हो जाएगा। मार्किटिंग बोर्ड के कार्यकारी अभियंता आनंद कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

फतेहाबाद के सिरसा रोड पर करीब 100 एकड़ भूमि पर अतिरिक्त अनाज मंडी बनी हुई है। इसमें से 40 एकड़ जगह खाली पड़ी है जिसमें कांटेदार झाड़ियों व कीकर के सैंकड़ों पेड़ लगे हुए हैं। यह झाडियां इतनी घनी है कि यहां से गुजरना तक मुश्किल है। इस सीजन में गेहूं की फसल को देखकर अनाज मण्डी में जगह की किल्लत महसूस की गई। हालांकि यहां पर प्रदेश के सबसे बड़े शैड बने हुए हैं लेकिन गेहूं की आवक इतनी तेजी से हुई कि यहां जगह कम पड़ गई। खराब मौसम के कारण मार्किट कमेटी के लिए फसल सुरक्षित रखना मुश्किल हो गया। आगे यह दिक्कत न आए, इसके लिए मार्किट कमेटी सचिव यशपाल मेहता ने मार्किटिंग बोर्ड को पत्र लिखकर खाली पड़ी जगह पर सडक़ों, शैड, पेयजल, सीवरेज लाइन के साथ-साथ एससीएफ व एससीओ बनाने की मांग की है। जवाब में मार्किटिंग बोर्ड ने सचिव से 40 एकड़ जगह पर खड़े कीकर के पेड़ व झाडियां कटवा जगह खाली कर जमीन हैंडओवर करने को कहा। मार्किट कमेटी ने वन विभाग से पेड़ काटने की अनुमति लेकर मार्किटिंग बोर्ड को वापस रिप्लाई किया तो मार्किटिंग बोर्ड ने अतिरिक्त अनाज मण्डी के विस्तार का एस्टीमेट तैयार करके हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, पंचकूला के मुख्य प्रशासक को भेजा है। पत्र में यहां पर सडक़ें, शैड, सीवरेज, पेयजल व दुकानें बनाने का प्रस्ताव है।





फतेहाबाद। अतिरिक्त अनाज मण्डी में खड़ी झाडिय़ा व अतिरिक्त अनाज मण्डी का गेट व उसमें बना बना शैड। फोटो :हरिभूमि

#### पीक सीजन में फसल रखने में आती समस्या

अतिरिक्त अनाज मंडी में काफी जगह बेकार पड़ी हुई है। जहां पर झाडिय़ां व कांटेदार कीकर के वृक्ष लगे हुए हैं। अब यहां सीजन में किसानों की फसल आती है तो जगह कम पड़ने लगी हैं। गेहूं के पीक सीजन में इकट्ठी फसल आती है जिससे फसल रखने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हमने अतिरिक्त अनाज मंडी के विस्तार को लेकर मार्किटिंग बोर्ड को पत्र लिखा। मार्किटिंग बोर्ड ने झाडियां काटकर समतल जगह मांगी है। मार्किट कमेटी ने वन विभाग से अनुमति ले ली है। अब झाडियां काटने के लिए पैसे जमा करवाने के बाद वन विभाग यहां जगह खाली कर देगा। जिसके बाद विस्तार का काम शुरू हो पाएगा।

-यशपाल मेहता, सचिव, मार्किट कमेटी फतेहाबाद



#### प्रपोजल किया तैयार

अतिरिक्त अनाज मण्डी में 40 एकड़ जगह खाली पड़ी है। यहां पर फड़, दुकानें, सडक़ें बनाने का प्रपोजल तैयार किया है। इसका एस्टीमेट तैयार करके हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, पंचकूला के मुख्य प्रशासक को भेजा है। स्वीकृति मिलते ही यहां काम शुरू कर दिया जाएगा।

-आनंद कुमार, कार्यकारी अभियंता, मार्किटिंग बोर्ड फतेहाबाद

---



फतेहाबाद। अनाज मण्डी में आई गेहूं। फोटो :हरिभूमि

50 फीसदी से ज्यादा फसल पड़ी मंडियों में

## फतेहाबाद की मंडियों में गेहूं आने की रफ्तार हुई कम

### 28,522 किसानों को 532 करोड़ ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले की अनाज मण्डियों में धीरे-धीरे गेहूं के आने की रफ्तार कम हो रही है। गेहूं खरीद के शुरूआत में प्रतिदिन 1 लाख टन गेहूं की खरीद हो रही थी तो धीरे-धीरे यह रफ्तार 40 हजार टन तक पहुंच गई। अब तक जिले में कुल 4 लाख 60 हजार 388 टन गेहूं की आवक हो चुकी है। हालांकि यह बीते वर्ष से ज्यादा है। बीते वर्ष आज के दिन तक 3 लाख 74 हजार 386 टन गेहूं की आवक हुई थी। वीरवार तक 2 लाख 26 हजार 98 टन गेहूं की लिफ्टिंग हो चुकी है जबकि 2 लाख 34 हजार 290 टन गेहूं मण्डियों में खुले आसमान के नीचे पड़ी हुई है। गेहूं की सरकारी खरीद फतेहाबाद में 14 अप्रैल को शुरू हुई थी। 50 फीसदी से ज्यादा मण्डियों में पड़ा है। किसानों को खरीद एजेंसियों ने जिले में अब तक 28 हजार 522 किसानों को 532 करोड़ की राशि उनके खातों में ट्रांसफर की है। जिला में अब तक 28512 किसानों की विभिन्न एजेंसियों द्वारा 460388 मीट्रिक टन गेहूं फसल की आवक हुई है जिसमें से फूड सप्लाई ने 4286 किसानों की 66334 मीट्रिक टन, हैफेड ने 212272 एमटी एचडब्ल्यूसी ने 164924 एमटी व एफसीआई ने 16857 एमटी खरीद की।

#### अब तक 145128 क्विंटल सरसों की हुई आवक

**फतेहाबाद।** जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में सरसों फसल की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 145128 क्विंटल सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से एचएसडब्ल्यूसी द्वारा फतेहाबाद अनाज मंडी में 16303 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 84061 क्विंटल तथा हैफेड द्वारा भूना अनाज मंडी में 44764 क्विंटल की आवक हुई है। जिला में अब तक 130222 क्विंटल सरसों फसल की खरीद की जा चुकी है जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 9323 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 81040 क्विंटल तथा भूना अनाज मंडी में 39859 क्विंटल सरसों फसल की खरीद हुई है।

---

*एक छत के नीचे मिलेंगी सभी सरकारी सेवाएं, सीएम सैनी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से किया उद्घाटन*

## अहमदपुर दारेवाला में ग्राम सचिवालय का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

आम लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ अपने ही गांव में प्रदान करने के लिए गांव अहमदपुर दारेवाला में करीब 74 लाख की लागत से बने ग्राम सचिवालय का उद्घाटन मुख्यमंत्री नायब सैनी ने चंडीगढ़ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए किया जबकि गांव में सरपंच राधिका कालड़ा ने किया। राधिका कालड़ा ने कहा कि ग्राम सचिवालय खोले जाने से अब आम लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पंचायतों के उद्देश्य से सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम ग्राम सचिवालय योजना के तहत विभिन्न गांवों में ग्राम सचिवालयों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस नवीनतम योजना के अंतर्गत ग्राम स्तर पर ही सभी सरकारी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। ग्राम सभाओं की बैठक आयोजित की जा सकेंगी। ग्राम सचिवालयों के निर्माण से गांव स्तर पर ग्रामीणों को एक ही छत तले सरकारी योजनाआओं की ऑनलाइन सुविधाएं मिलेंगी।



सिरसा। गांव अहमदपुर दारेवाला में सरपंच राधिका कालड़ा ग्राम सचिवालय का शुभारंभ करते हुए।

---

*23 को सर्वजीत के बयान पर हुआ था केस दर्ज*

## मसीता हत्याकांड में दो युवक गिरफ्तार, पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने रैकी करना कबूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

डबवाली पुलिस ने मसीता हत्याकांड मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। डबवाली की एसपी निकिता खट्टर ने वीरवार को मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि आरोपियों की पहचान कुलदीप सिंह व इकबाल सिंह के रूप में हुई। एसपी ने बताया कि बीती 23 अप्रैल को इस मामले में सर्वजीत सिंह के बयान पर अज्ञात लोगों के खिलाफ उसके भाई गुरसेवक की गोली मारकर हत्या करने का मामला दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि इस हमले में गुरसेवक सिंह का दोस्त दीपक को भी गोली लगी, लेकिन वह बच गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी मोटरसाइकिल से कई दिनों से गुरसेवक सिंह उर्फ सेवक निवासी मसीतां की रैकी कर रहे थे। कुलदीप भाऊ व उसके साथी ने अपनी पिस्तौल से गुरसेवक सिंह व दीपक यादव पर काफी फायर किए जो फायर लगने से गुरसेवक सिंह की मौत हो गई व दीपक यादव घायल हो गया।



सिरसा। मीडिया को जानकारी देती एसपी निकिता खट्टर।

#### हत्या करने का कारण

मृतक गुरसेवक सिंह उर्फ सेवक व उसके दोस्त दीपक यादव ने दुष्कर्म का एक मुकदमा रैकी करने वाले आरोपी इकबाल के भाई रमनदीप के खिलाफ दर्ज करवाया था जो रमनदीप सिंह काफी समय से जेल मे बंद है। इस केस मे गुरसेवक व दीपक यादव की गवाही अगले माह होनी थी जो गवाही को देखते हुए इन सभी ने मिलकर गुरसेवक व दीपक यादव को मारने का प्लान बनाया था। एसपी ने बताया कि आरोपी इकबाल सिंह व कुलदीप सिंह एक ही गांव के रहने वाले हैं और आपस मे दोस्त बने हुए हैं जो दोनों लड़ाई-झगड़ा के मुकदमे में शामिल रहे हैं।

---

## 139 साल पुराने भट्टू रेलवे का होगा कायाकल्प

**भट्टूकलां।** अंग्रेजों के जमाने से बना भट्टू रेलवे स्टेशन को पूरी तरह से आधुनिक बनाने के लिए अमृत रेलवे स्टेशन में शामिल है। इस रेलवे स्टेशन का गुरुवार को भूमि पूजन के साथ पुनर्विकास कार्य शुरू हो गया। भूमि पूजन में पंडित मोहन लाल शर्मा ने मंत्रोच्चारण किया। इस दौरान हरिशंकर शर्मा, नीरज भाटी, राजीव भड़ाना, संदीप कुमार व जय सिंह सहित अनेक लोगों ने पूजन में भाग लिया। रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य वीआर एंड कंपनी द्वारा करीब 8 माह में पूरा किया जाएगा। करीब 139 सालों से रेलवे सुविधा से जुड़े भट्टू के रेलवे स्टेशन को तमाम आधुनिक सौगात मिलेगी। भट्टू स्टेशन को आधुनिक बनाने पर करीब 11 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से पुनर्विकास कार्य शुरू हुआ है, जिसमें सर्कुलेटिंग एरिया के प्रवेश, पोर्च, पार्किंग, स्टेशन की मुख्य भाग का विस्तार, वेटिंग हॉल, रिटायरिंग रूम, शौचालयों का सुधार, साइनेज और प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर में सुधार, कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड, आउटडोर वीडियो डिस्प्ले स्पीकर के साथ, जीपीएस आधारित घड़ी आदि लगाने सहित अनेक विकास कार्य किए जाने हैं। योजना के तहत रेलवे स्टेशन का पूरी तरह से सौंदर्यकरण किया जाएगा।



भट्टूकलां। रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का हवन के साथ शुभारंभ करते अधिकारी।

---

*फतेहाबाद क्रिकेट लीग*

## अंडर-17 में फतेहाबाद को 7 हराकर टोहाना ने जीती ट्राफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एवरेस्ट स्पोर्ट्स क्लब द्वारा जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही फतेहाबाद क्रिकेट लीग में अंडर-17 आयु वर्ग का फाइनल मुकाबला खेला गया। टोहाना और फतेहाबाद जोन के बीच हुआ यह मुकाबला काफी रोचक रहा। इस मैच में टोहाना ने 7 विकेट से शानदार जीत दर्ज कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। एवरेस्ट स्पोर्ट्स क्लब के प्रधान प्रहलाद सिंह कुलरिया व सचिव अरूण खोड़ ने बताया कि गांव बहबलपुर स्थित रॉयल क्रिकेट अकैडमी में अंडर-17 आयुवर्ग के फाइनल में टोहाना जोन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते हुए फतेहाबाद जोन की टीम ने निर्धारित 40 में से 32.4 ओवर ही खेले और 164 रन बनाकर ऑल आऊट हो गई। फतेहाबाद की ओर से सुखबीर ने 61 व मुकंद ने 34 रन बनाए जबकि टोहाना की ओर से जलज ने 4 व राहुल ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए टोहाना ने 26 ओवरों में ही 3 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया और 7 विकेट से मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। टोहाना की ओर से कमल ने 93 रन व शोभित ने 48 रन बनाए।



फतेहाबाद। विजेता खिलाडिय़ों को सम्मानित करते क्लब पदाधिकारी।

---

## हरियाणा की पहली बालिका पंचायत की सरपंच अस्तुति कंबोज को सीएम ने किया सम्मानित

**फतेहाबाद।** हरियाणा के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। राज्य की पहली बालिका पंचायत बरसीन की प्रथम सरपंच अस्तुति कंबोज को वीरवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राज्य स्तरीय ग्राम उत्थान समारोह में सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम पंचकूला में आयोजित किया गया था, जहां मुख्यमंत्री ने अस्तुति को बधाई देते हुए ग्रामीण विकास में आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया। बता दें कि फतेहाबाद जिला परिषद की चेयरपर्सन सुमन सुभाष खिचड़ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को सार्थक करने की दिशा में नया कदम उठाते हुए अपने गांव बरसीन से बालिका पंचायत नामक इस प्रेरणादायक मुहिम की शुरुआत की थी। बालिका पंचायत का गठन बाकायदा वोटिंग के माध्यम से किया गया जिसमें 11 से 21 साल तक की बेटियों ने चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया था। बालिका पंचायत में अस्तुति कंबोज को सरपंच पद के लिए चुना गया गया, जिन्हें 22 वोट मिले थे। सीएम से सम्मानित होने के बाद अस्तुति कंबोज ने कहा कि यह पल उनके लिए अविस्मरणीय है।



---

### नए एसपी ने फतेहाबाद में ली बैठक, शिकायतों का समय पर निपटारा करने के दिए निर्देश

# महिला सुरक्षा और नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाएं पुलिस अधिकारी : एसपी सिद्धांत

*जिले में घटित अपराध के आंकड़ों का विश्लेषण कर कानून व्यवस्था बेहतर बनाने का किया विचार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद के नए पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने वीरवार को पुलिस लाईन फतेहाबाद के जीओ मेंस में जिला पुलिस के सभी डीएसपी, इंचार्ज अपराध शाखा, थाना प्रबंधक और चौकी प्रभारी के साथ जिला स्तरीय अपराध व कानून एवं व्यवस्था की समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जिले में घटित अपराध के आंकड़ों का विश्लेषण किया व कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु विचार विमर्श किया। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि थाना में आने वाली सभी शिकायतों का समय पर निस्तारण करे। झूठी शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि झूठी शिकायत देने वालो के दिमाग में कार्रवाई का डर हो और उन्हें बढ़ावा न मिले। लंबित शिकायतों का समय अवधि में निपटारा करें। सभी शिकायतों का फीडबैक लिया जा रहा है, जिस पर विशेष नजर रखी जा रही है। साथ ही अस्पताल से आने वाले रुक्का पर की गई कार्रवाई का भी फीडबैक लिया जा रहा है। रुक्कों पर समयावधि में कार्रवाई सुनिश्चित करे। एसपी ने ने कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिला में महिलाओं की सुरक्षा, अवैध हथियार व मादक पदार्थ तस्करों, अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाए। पीओ, बेल जंपर को काबू किया जाए।



#### चौकी प्रभारी निष्ठा ईमानदारी से करे कार्य

*एसपी ने सभी थाना प्रबंधकों व चौकी प्रभारियों को कार्य के प्रति निष्ठा, ईमानदारी व लगन से कर्तव्य निर्वाह करने व अपने इलाका में आमजन को शांतिपूर्ण माहौल देने के लिए प्रेरित किया और कहा कि हम सभी को टीम के तौर पर अच्छी नियत के साथ ईमानदारी से कार्य करें। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने थाना के पेंडिंग केसों व केस प्रॉपर्टी का शीघ्र से शीघ्र निपटारा करवाए। पुराने वाहन जो थानों में खड़े हैं उनको डिस्पोज करने हेतु दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने यातायात को निर्देश दिए कि वह ट्रैफिक पर विशेष ध्यान देकर जाम की स्थिति पैदा न होने दे। उन्होंने निर्देश दिए की वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले, ओवर स्पीड, बिना नंबर प्लेट तथा बुलेट वाहनों से पटाखे बजाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त व प्रभावी कार्रवाई करे। अंत में एसपी ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को नकद ईनाम व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### इलाज के नाम पर मांगे पैसे, 50 हजार ठगे

**फतेहाबाद।** विदेश में बैठा रिश्तेदार बनकर साइबर ठग ने अस्पताल में भर्ती अपने दोस्त की पत्नी के इलाज के नाम पर एक युवती से 50 हजार रुपये ठग लिए। इस बारे पीड़ित युवती की शिकायत पर साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव तलवाड़ा निवासी रज्जी पुत्री बंत सिंह ने कहा है कि गत दिवस उसके पापा के मोबाइल पर व्हाटसएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि वह यूके से उनका रिश्तेदार बोल रहा है। उसका एक दोस्त भारत में ही रहता है जिसकी पत्नी बीमार है और अस्पताल में भर्ती है। उसका ऑपरेशन होना है जिसके लिए उसे 4 लाख रुपये की जरूरत है। उसने इस नंबर पर एक गुगल पे नंबर भेजा है, वह इस नंबर पर 1 लाख रुपये भेज दे। वह कल सारे पैसे वापस भेज देगा। इस पर उसके पापा ने उसे उक्त नंबर पर 50 हजार रुपये भेजने को कहा। इसके बाद उसने उक्त नंबर पर 50 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उनके व्हाट्सअ

### कार ने स्कूटी में मारी टक्कर, युवक घायल

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद शहर में एक तेजगति कार ने स्कूटी में टक्कर दे मारी। इस हादसे में स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। युवक को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में हुडा सैक्टर 3 निवासी रक्षित बंसल ने कहा है कि वह अपने पिता राजकुमार बंसल के साथ स्कूटी पर सवार होकर अपने घर से हुडा सैक्टर की मार्किट में आया था। वह स्कूटी के साथ रूचिका कन्फैक्शनरी के पास खड़ा था जबकि उसके पापा दुकान से सामान लेने चले गए। इसी दौरान एक कार का चालक साहिल पुत्र सुनील निवासी अग्रवाल कालोनी, फतेहाबाद अपनी कार को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए आया और उसकी स्कूटी में सीधी टक्कर दे मारी। इस हादसे में रक्षित को काफी चोटें आई वहीं स्कूटी को भी काफी नुकसान हुआ। बाद में घायल युवक को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### टोहाना से दुकानदार का मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने टोहाना में एक दुकानदार का मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे दुकानदार द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में औमप्रकाश पुत्र रामजी लाल निवासी गांव इंदाछोई ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर ऑफिसर कालोनी, रतिया रोड टोहाना स्थित अपनी दुकान पर आया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को दुकान के पास खड़ा किया और दुकान पर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब मोटरसाइकिल बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में शहर टोहाना पुलिस ने केस दर्ज कर बाईक की तलाश शुरू कर दी है।

### पोल्ट्री फार्म से हजारों का सामान चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव फूलकां रोड पर बने पोल्ट्री फार्म से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव ताजियाखेड़ा निवासी राजबीर ने बताया कि गांव फूलकां रोड पर उसने पोल्ट्री फार्म बना रखा है। उसने बताया कि बीती 21 अप्रेल की रात को वह फार्म बंद कर घर चला गया। देर रात को चोरों ने फार्म में घुसकर विकास पुत्र रामसिंह निवासी ताजियाखेड़ा, सुरेंद्र पुत्र सतलाल व माणु ने चार पंखे व 2 फर्राटा, दो बैट्री, इनवर्टर, गैस सिलेंडर, 2 पानी वाली मोटर चोरी कर ले गए। सुबह जब वह फार्म में गया तो उसे घटना का पता चला। उसने अपने स्तर पर पूछताछ की तो उपरोक्त युवकों के बारे में पता चला। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## समाधान शिविर : माजरा के विद्यार्थियों के लिए बस सेवा की मांग

# बैजलपुर के सरपंच पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, कारवाई की मांग

- अतिरिक्त उपायुक्त ने सुनीं जन शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की जन समस्याएं सुनते एडीसी अनुराग ढालिया। फोटो : हरिभूमि

लघु सचिवालय के सभागार में वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुना। इस अवसर पर उन्होंने बैठक में मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में प्राप्त हुई शिकायतों के निपटान में तत्परता से कार्यवाही करते हुए उसका समाधान सुनिश्चित करें।

समाधान शिविर में ठुईयां निवासी दलीप सिंह ने पीने के पानी की पाइप लाइन बारे, गांव माजरा के सभी अभिभावकों ने स्कूली विद्यार्थियों के लिए बस की सुविधा बारे, धीड निवासी गुलाब सिंह ने विजय पटवारी के विरूद्ध कार्यवाही करने बारे, स्थानीय हंस कॉलोनी निवासी लाजो देवी ने रीता पत्नी सोमा द्वारा बुजुर्ग सांस के कागजात, गहने रखकर लोन हड़पने, सारा सामान लेकर भागने पर कार्यवाही बारे, चिंदड़ निवासी आत्मा राम ने मकान बनवाने बारे, बैजलपुर निवासी ईश्वर सिंह ने सरपंच हेमंत सिंह, राजेश कुमार, मैट दारा सिंह, सुमन देवी आदि द्वारा भ्रष्टाचार करने पर कार्यवाही करने बारे, धौलू निवासी मदन लाल ने भवन निर्माण कॉपी में आधार कार्ड लिंक बारे, स्थानीय सुंदर नगर वार्ड नंबर 14 निवासी मुरती देवी ने पीपीपी में इनकम ठीक करवाने बारे, बड़ोपल निवासी बलबीर ने गांव के मौजिज व्यक्तियों से इंक्वायरी बारे, स्थानीय डीसी कॉलोनी निवासी कुलवंत सिंह ने लडक़े को सरकारी स्कूल में दाखिला दिलवाने बारे अपनी समस्या रखी।

इसी प्रकार से हरिपुरा निवासी ओमपति ने इनकम सही करवाने बारे, भिरड़ाना निवासी करतारो बाई ने अपनी लडक़ी राजोबाई पत्नी पाला सिंह व उसके पति से उधार के 5000 रुपये दिलवाने बारे, झलनियां निवासी दलीप सिंह ने बिजली समस्या का समाधान करने बारे, स्थानीय इंद्रपुरा मोहल्ला निवासी प्रभाती व विद्या ने मकान की मरम्मत बारे, झलनियां निवासी रामचंद्र ने पीपीपी में इनकम कम करवाने बारे, सिरढान निवासी गोपी राम ने जमीन में वाटर सप्लाई की नाजायज पाइप हटवाने बारे, खुंडन निवासी तारा रानी ने सुखबीर सिंह, बिमला व जगदीश पर कानूनी कार्यवाही बारे, भूथन कलां निवासी सुनील कुमार ने फसल खराबा का मुआवजा बारे, स्थानीय सुंदर नगर निवासी ममता रानी ने पीपीपी में इनकम कम करवाने बारे, अशोका टैंट हाउस ने बिल भुगतान बारे, भट्टू कलां निवासी सुरेंद्र साई ने गौशाला व नंदीशाला के सामने स्पीड ब्रेकर बनवाने बारे, बनमंदोरी निवासी कृष्णा ने लाल डोरा से संबंधित केस में कार्यवाही बारे, दरियापुर निवासी ने सर्टिफिकेट में नाम को सही करने बारे, दहमान निवासी रमेश ने मकान का मालिकाना हक दिलवाने बारे अपनी शिकायत रखी।


**फतेहाबाद।** तहसीलदार को डीसी के नाम ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के सदस्य।

## शार्ट सर्किट से जली फसलों के मुआवजे की मांग, किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में गेहूं के खेतों में आगजनी की घटनाओं से किसानों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। जिले के जाखल ब्लॉक के गांव कासिमपुर, उदयपुर और नडेल में बिजली के शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से किसानों की गेहूं की फसल और भूसा जलकर राख हो गया। इस भारी नुकसान को लेकर वीरवार को भारतीय किसान यूनियन, एकता उगराहाँ, जिला फतेहाबाद कमेटी का प्रतिनिधिमंडल आज उपायुक्त से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार को उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर किसानों को हुए नुकसान को देखते हुए मुआवजे की मांग की। यूनियन के जिला प्रधान निर्भय रतिया ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि आगजनी की इन घटनाओं में जिन किसानों की फसल और भूसा जलकर नष्ट हुआ है, उन्हें तत्काल प्रभाव से उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही से किसानों को आर्थिक तौर पर गहरा आघात लगा है और सरकार को इसकी भरपाई करनी चाहिए। निर्भय रतिया ने कहा कि सीएम द्वारा किसानों को नुकसान की भरपाई करने का आश्वासन दिया गया है लेकिन यह भरपाई कितनी और कब होगी, इस पर कोई स्पष्ट नहीं बताया गया है, जिससे किसानों में रोष है। उन्होंने कहा कि रतिया के गांव एमपी सौत्र में 2022 में आगजनी की भेंट चढ़ी फसलों का किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। इस अवसर पर यूनियन की रतिया इकाई के प्रधान कर्मा सिंह, जाखल ब्लॉक प्रधान रणजीत नडेल, काला सिंह, मुंदरी बोला, कुलवंत सिंह सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

## साइक्लोथॉन आज फतेहाबाद में करेगी प्रवेश

### खानपान सहित अन्य व्यवस्थाएं करने के निर्देश

- श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में होगा रात्रि ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला का दौरा कर साइक्लोथॉन यात्रा के प्रबंधों का जायजा लेते एडीसी अनुराग ढालिया।

नशा मुक्त हरियाणा का संदेश के साथ चल रही साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा आज फतेहाबाद जिले में प्रवेश करेगी। साइक्लोथॉन यात्रा भूना के ढाणी कंबोज के बाद, राजकीय महाविद्यालय भूना, जांडली खुर्द में पेट्रोल पंप, गांव झलनियां में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, ढाणी बिसला में पेट्रोल पंप, बरसीन से होते हुए भूना रोड पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, पंचायत भवन, अंबेडकर चौक से श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में पहुंचेगी। साइक्लोथॉन यात्रा का श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में रात्रि ठहराव होगा और नशा मुक्ति की थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। 26 अप्रैल की सुबह श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला से साइक्लोथॉन यात्रा दरियापुर सर्विस लेन से होते हुए जिला सिरसा में प्रवेश करेगी।अतिरिक्त उपायुक्त एवं साइक्लोथॉन 2.0 के नोडल अधिकारी अनुराग ढालिया ने वीरवार को शिवालय मार्किट में स्थित श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला का दौरा किया और साइक्लोथॉन यात्रा को लेकर किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने साइक्लोथॉन यात्रा के जिला में रात्रि ठहराव व खानपान सहित अन्य व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही साइक्लोथॉन यात्रा के आने से लेकर प्रस्थान तक सभी तरह के प्रबंध बेहतर और व्यवस्थित ढंग से किए जाएं। एडीसी ने कहा कि यह साइक्लोथॉन प्रदेशभर में ड्रग फ्री हरियाणा के उद्देश्य से निकाली जा रही है। इसमें अधिक से अधिक संख्या में युवा जुडक़र नशा मुक्त हरियाणा का संदेश देने के साथ समाज में जागरूकता फैलाएं। साइक्लोथॉन यात्रा जिले में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने का एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने जिला के युवाओं से आह्वान किया कि वे इस कार्यक्रम में बढ़ चढक़र भाग लें, ताकि नशा मुक्ति का संदेश व्यापक रूप से दिया जा सके।

## सरकारी पेंशनर फाउंडेशन ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर फाउंडेशन जिला सिरसा ने उपायुक्त कार्यालय पर धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए जिला प्रधान अशोक पटवारी, सचिव रवि कुमार रोड़ी व महेंद्र शर्मा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 8वें वेतन आयोग लागू करने से पहले ही रिटायर्ड पेंशनर की पेंशन बंद बंद करने जा रही है व आगामी 31 दिसंबर तक रिटायर्ड कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं दिया जाएगा। इसके विरोध में पूरे हरियाणा में रिटायर कर्मचारी संघ विभागीय यूनियन के कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि समय रहते हुए सरकार उनकी मांगें मान ले, नहीं तो सभी जन संगठनों के सहयोग से पूरे देश में तेज और तीखा आंदोलन किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में हरभगवान शर्मा, सुखवंत चीमा, देवी लाल, दलीप सिंह, रामभक्त, दर्शन, दर्शन रोहन, दर्शन भंगू, हरचंद मेहता, किशोरी लाल मेहता, राजेंद्र अहलावत अपने ब्लॉकों की पूरी टीम के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए।


**सिरसा।** सरकारी पेंशनर फाउंडेशन डीसी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए।

## रोडवेज कर्मचारियों ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**फतेहाबाद।** रोडवेज महानिदेशक हरियाणा के द्वारा कर्मचारियों की मांगों को लेकर मीटिंग के लिए पत्र जारी करके बार बार स्थगित करने और वादा खिलाफी के विरोध में रोडवेज सांझा मोर्चा द्वारा पूर्व में 24 अप्रैल को रोडवेज महानिदेशक का पुतला दहन करने की घोषणा की गई थी। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के कारण हुए निर्मम हत्याकांड के कारण महानिदेशक का पुतला दहन न करके रोडवेज कर्मचारियों द्वारा मौन रखकर मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान रोडवेज कर्मचारियों ने आतंकी हमले की घोर निंदा करते हुए अपराधियों को सख्त से सख्त सजा और आतंकवाद को जड़ से खत्म करने की मांग भी की। मीटिंग की अध्यक्षता प्रधान विजय नागपुर और राजकुमार बीघड़ ने की। राज्य के वरिष्ठ उप प्रधान कुलदीप पाबड़ा ने कहा गया कि सांझा मोर्चा 25 अप्रैल को राज्य स्तरीय मीटिंग करके आगामी आंदोलन की रूप रेखा तैयार करके आंदोलन की घोषणा करेगा। इस मौके पर वीरेंद्र कुलेरी, भजन सिंह, छिन्दा राम, राजेश गिलांखेड़ा, सतीश जांडली, राममेहर सिंह, मंजीत सिंह, प्यारा सिंह, रजाक खान, संजीव खैरी, खड्ग सिंह आदि अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने किया झींगा फार्म का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने जिला के गांव कर्मसाना में झींगा फार्म का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फार्म की कार्यप्रणाली और उत्पादन क्षमता का जायजा लिया। इस दौरान जिला मत्स्य अधिकारी जगदीश चंद्र भी मौजूद रहे।

अतिरिक्त उपायुक्त ने फार्म संचालकों से फीड उपयोग, जल की गुणवत्ता, और बाजार तक उत्पाद पहुंचाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि झींगा पालन न केवल किसानों के लिए आय का एक अतिरिक्त स्रोत हो सकता है, बल्कि यह क्षेत्र की आर्थिक प्रगति में भी योगदान दे सकता है। उन्होंने बताया कि केंद्र और हरियाणा सरकार द्वारा मत्स्य पालन और झींगा पालन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड की सब्सिडी योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं के तहत किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता, और आर्थिक मदद प्रदान की जाती है, जिसमें झींगा फार्म स्थापित करने के लिए ऋण और 40-60 प्रतिशत तक की सब्सिडी शामिल है। उन्होंने ग्रामीणों से इन योजनाओं का लाभ उठाने और मत्स्य पालन के लिए प्रशिक्षण लेने की अपील की। इस दौरान जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें जिला मत्स्य अधिकारी जगदीश चंद्र व अन्य अधिकारियों ने किसानों को मत्स्य पालन के प्रति जागरूक किया। इसके अलावा इंटेंसिव फिशरीज स्कीम तथा केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं तथा आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

**कार्यशाला** जिला न्यायालय स्थित एडीआर भवन के सभागार में कार्यशाला आयोजित

# नंबरदारों, पंचों, सरपंचों को साइबर अपराध के बारे में किया जागरुक

किसी प्रकार की कानूनी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा।** जागरूकता कार्यशाला में भाग लेते पंच-सरपंच। फोटो : हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव प्रवेश सिंगला के आदेशानुसार स्थानीय जिला न्यायालय स्थित एडीआर भवन के सभागार में जिला के नंबरदारों, पंचों, सरपंचों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में चीफ एलएडीसी मीरा गरवा व डिप्टी एलएडीसी कंवरजीत सिंह गिल ने उपस्थितजनों को नागरिकों के अधिकारों और जिम्मेदारियों, सूचना के अधिकार अधिनियम, मनरेगा और पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों आदि कानूनी पहलूओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने साइबर धोखाधड़ी से संबंधित केसों के बारे में बताया व कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की कानूनी सहायता के लिए नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर सकते हैं।

पुलिस विभाग से बब्बू ने साइबर धोखाधड़ी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि धोखेबाज सस्ते दामों पर उत्पाद बेचने, रुपये या व्यक्तिगत डेटा चुराने के लिए नकली ई-कॉमर्स वेबसाइट बनाते हैं। इसलिए ऑनलाइन कोई भी उत्पाद खरीदते समय केवल प्रतिष्ठित वेबसाइट्स से खरीदारी करें, वेबसाइट यूआरएल की जांच करें, यह एचटीटीपीएसः// से शुरू होना चाहिए, खरीदारी करने से पहले समीक्षाएं पढ़े।

उन्होंने कहा कि कभी भी अज्ञात विक्रेताओं को यूपीआई या सीधे बैंक हस्तांतारण के माध्यम से भुगतान न करें, असुरक्षित वेबसाइट्स पर कार्ड विवरण साझा न करें। धोखेबाज लॉटरी जीतने या नकली निवेश रिटर्न का वादा करते हैं और लॉटरी प्रक्रिया के लिए रुपये मांगते हैं। उन्होंने बताया कि निवेश करने से पहले कंपनियों को सत्यापित करें। पुरस्कार का दावा करने के लिए कभी भी रुपये न भेजें। उन्होंने बताया कि धोखेबाज उपभोगकर्ताओं को ओटीपी सांझा करने या रुपये चुराने के लिए रिमोट एक्सेस ऐप इंस्टॉल करने के लिए धोखा देते हैं। उन्होंने बताया कि प्ले स्टोर/ऐप स्टोर से केवल आधिकारिक बैंकिंग ऐप का उपयोग करें, कभी भी किसी के साथ बैंकिंग विवरण सांझा न करें। साइबर अपराधी सोशल मीडिया से व्यक्तिगत जानकारी चुराते है। और वित्तीय लाभ या ब्लैकमेल के लिए उनका दुरुपयोग करते हैं।

## न्यूज डायरी

### अपराध व नशे को खत्म करना प्राथमिकताः एसपी



**सिरसा।** नवनियुक्त एसपी डॉ. मयंक गुप्ता ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जिला से अपराध व नशे को जड़ से खत्म करना रहेगी। एसपी वीरवार को अपना कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। एसपी ने कहा कि सर्वप्रथम जिला के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर जिला की कानून व्यवस्था का जायजा लेकर समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखना तथा आमजन की जान तथा माल की सुरक्षा करना ही पुलिस की पहली प्राथमिकता है।

### नशे की ओवरडोज से मौत के मामले में दो आरोपी काबू

**डबवाली।** पुलिस ने मादक पदार्थ के अधिक सेवन से हुई मौत के मामले में वांछित आरोपियों भोला सिंह उर्फ गुरविंद्र पुत्र वकील सिंह व दीप सिंह उर्फ दीपू पुत्र तरसेम लाल निवासी दादू को काबू किया है। सिंहपुरा चौकी पुलिस प्रभारी उप निरीक्षक चंदन सिंह ने बताया कि गुरदास सिंह पुत्र टेक सिंह निवासी पक्का शहीदा के बयान पर कि 21 अप्रैल को उसके भाई दीप सिंह को रात के समय आरोपियों द्वारा मादक पदार्थ के अधिक सेवन करवाने से गांव दादू में मौत हो जाने पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान आरोपियों सुखविंद्र सिंह उर्फ निक्का पुत्र अजायब सिंह व अमरजीत सिंह को पहले ही काबू कर जेल भेजा जा चुका है।

### टोहाना पुलिस ने चोरी के दो मामले सुलझाए, एक काबू

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा चोरों की धरपकड़ को लेकर दिए गए निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने चोरी की दो मामलों को सुलझाते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सलमान उर्फ सुलतान उर्फ कालिया पुत्र शमशेर सिंह निवासी राजनगर टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी ने बताया कि पहले मामले में पुलिस ने 2 अक्टूबर 2024 को गांव बुवान निवासी वकील कुमार की शिकायत पर टोहाना में रेलवे ओवरब्रिज के नीचे से उसका मोटरसाइकिल चोरी होने बारे केस दर्ज किया था। इस मामले में एक आरोपी बंटी पुत्र रोहताश निवासी राजनगर टोहाना को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### गाड़ी की टक्कर से युवक घायल

**फतेहाबाद।** गांव गोरखपुर के समीप एक फॉरच्यूनर गाड़ी ने सडक़ किनारे बाइक लेकर खड़े युवक में टक्कर दे मारी। टक्कर के बाद गाड़ी चालक मोटरसाइकिल को काफी दूरी तक घसीट कर ले गया। घायल युवक को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव गोरखपुर निवासी संदीप कुमार ने कहा है कि गत दिवस वह अपने भाई जितेन्द्र के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने खेत से वापस घर आ रहा था। उसके पीछे उसका चाचा सुरेश कुमार भी अपनी बाईक पर आ रहा था। जैसे ही वे प्राइमरी स्कूल के पास पहुंचे तो सामने से आ रही फॉरच्युनर गाड़ी के चालक सोनू पुत्र सतपाल बिश्नोई ने गाड़ी को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए टक्कर दे मारी।

### कई सालों से बंद सीवरेज को खोलने से मिली राहत

**रतिया।** शहर के मॉडल टाउन के समीप पीरु राम बस्ती के पास पिछले लगभग 4 वर्षों से बंद पड़ी सीवरेज लाइन पाइप को जन स्वास्थ्य विभाग की टीम की कड़ी मेहनत द्वारा खोला गया। इससे मॉडल टाउन व आसपास की कालोनी में रहने वाले लोगों को राहत मिली है। मिली जानकारी के अनुसार कुछ साल पहले पीरु राम बस्ती के पास हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के द्वारा सीवरेज की पाइप डाली गई थी। बाद में इसका स्थानांतरण नगर पालिका रतिया को कर दिया गया था। यह पाइप लाइन पिछले कुछ सालों से बंद पड़ी थी। इसको खुलवाने के लिए काफी बार प्रशासन को अवगत करवाया गया, परंतु नगर पालिका के पास सीवरेज लाइन खोलने के लिए पर्याप्त संसाधन ना होने के कारण यह पाइप नहीं खुल पाई।

### सिरसा से अमृतसर साहिब के लिए रोडवेज बस शुरू

**सिरसा।** सिख समुदाय की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए सिरसा से सीधा अमृतसर के लिए रोडवेज बस शुरू हो गई है। वीरवार को रोडवेज यातायात प्रबंधक सुधीर कुमार ने सुबह 9.40 बजे सिरसा बस स्टैंड से इस बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही रोडवेज बस के ड्राइवर और कंडक्टर को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया और यात्रियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि सिरसा से अमृतसर का करीब छह घंटे का सफर रहेगा। रोडवेज प्रशासन ऑनलाइन टिकट बुकिंग सुविधा भी शुरू कर सकता है। यह बस स्पेशल श्री अमृतसर साहिब के लिए शुरू की गई है। यह बस सिरसा, डबवाली और बठिंडा से होते हुए अमृतसर जाएगी। इससे श्रद्धालुओं को फायदा होगा और उनको सुविधा मिल सकेगी। इससे श्रद्धालुओं को समय की भी बचत होगी।

### डिजिटल सुरक्षा विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

**रतिया।** खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय रतिया में डिजिटल सुरक्षा विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमित्रा सांगवान ने की। इस कार्यक्रम में फतेहाबाद से सुमित कुमार, सब इंस्पेक्टर साइबर क्राइम व एडवोकेट गगनदीप सिंह बार एसोसिएशन रतिया ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। एडवोकेट गगनदीप सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि साइबर सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है जो हमारे डिजिटल जीवन को सुरक्षित बनाने में मदद करता है। साइबर सुरक्षा के अन्तर्गत सबसे पहले हमें अपने व्यक्तिगत और संवेदनशील डेटा की सुरक्षा करने के लिए मजबूत पासवर्ड बनाना चाहिए।

### अवैध थड़ों को लेकर मंत्री को भेजा पत्र

**सिरसा।** शहर के वार्ड नंबर 21 व 24 के निवासियों ने स्थानीय शहरी निकाय मंत्री को पत्र भेजकर अपने-अपने वार्डों में कुछ लोगों द्वारा गलियों में बनाए गए अवैध थड़ों को तुड़वाने की अपील की है। वार्डवासी सुरेंद्र बिश्नोई, कृष्ण, कांता, पूजा, गीता, सुभाष सोनी, रोहताश, रजनी, नीलम रानी, भंवरलाल, लखमीचंद, राजू, विजय, पुष्पा आदि ने शहरी निकाय मंत्री को लिखे पत्र में कहा कि रानियां गेट के नजदीक विष्णु की चक्की वाली गली में कुछ लोगों द्वारा अपने घरों के बाहर थड़े बनाए गए हैं जिनके कारण आगजनी की अवस्था में कोई फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से एंबूलेंस सहित अन्य कोई गाड़ी आ जा सकती है। इन अवैध थड़ों का निर्माण करने वाले लोगों से जब इन्हें हटाने का आग्रह किया जाता है तो वे लड़ाई पर उतारू हो जाते हैं।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में जाखल पूर्णतया बंद भाजपाइयों ने पुतला फूंका, संस्थाओं ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

- लोगों में गुस्सा, पाकिस्तान को करारा जवाब देने की मांग
- बोले- आतंक का कोई धर्म, जाति या राष्ट्र नहीं होता, यह सिर्फ मानवता का दुश्मन
- नापाक पाक को सबक सिखाने के लिए देश की जनता सरकार के साथ
- धार्मिक संगठनों ने भी मृतकों को दी श्रद्धांजलि, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से जिलावासियों में काफी गुस्सा है। जिले में विभिन्न संगठनों और लोगों ने जहां इस आतंकी हमले की निंदा करते हुए आतंकियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है वहीं व्यापारी भी विरोध में अपनी दुकानें बंद कर रहे हैं। बुधवार को जहां टोहाना में दुकानदारों ने इस घटना के विरोध में बाजार बंद रखा वहीं वीरवार को जिले के पंजाब सीमा से सटे जाखल कस्बे में बाजार को पूर्णतया बंद रखा गया। मेडिकल स्टोर को छोडक़र सब्जी तक की दुकानें बंद रही। जाखल के लोग पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर रोष व्यक्त किया। शहर की सभी दुकानें सुबह से ही बंद नजर आई। इसके अलावा फतेहाबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस घटना के विरोध में प्रदर्शन कर आतंकवाद का पुतला फूंका।

बता दें कि पहलगाम में मंगलवार को हुए नरसंहार के विरोध में बुधवार को ताऊ देवीलाल पार्क, जाखल में बैठक बुलाई गई थी, जिसमें शहर की धार्मिक, समाजिक व व्यापारिक संस्थाओं के लोग शामिल हुए थे। बैठक में सर्वसम्मति से वीरवार को शहर में पूर्णतया बंद रखने का फैसला किया गया। बैठक में गौशाला कमेटी के उपप्रधान कांत जैन, मणि महेश समिति के अशोक कुमार, संजीव सिंगला आदि ने केंद्र सरकार से आतंकवाद पर निर्णायक चोट करने की मांग की। आतंकवादी घटना से गुस्साए लोगों ने इस कृत्य के लिए पाकिस्तान को मजबूत सबक सिखाने की मांग की।

### हमले के विरोध में प्रदर्शन, पुतला फूंका


फतेहाबाद। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे भारत को हिलाकर रख दिया है। आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध फायरिंग कर 27 लोगों की जान लें ली, जबकि कई पर्यटक हमले में घायल हो गए। इस घटना के विरोध में वीरवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा के नेतृत्व में भूना मोड़ कैंची पर प्रदर्शन किया और आतंकवादियों का पुतला फूंका। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्माओं के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद मुर्दाबाद...पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों साथ ही देश विरोधी ताकतों की निंदा की। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि कि आतंकी भूल गए कि देश में मोदी की सरकार हैं, जो आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। इस घटना से पूरे देश में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि हम सभी की केंद्र सरकार से अपील है कि आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा और उनको पूरी तरह से मिटा दिया जाएगा।

### सरकार के साथ

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद भारत ने सख्त कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति की मीटिंग में 5 बड़े फैसले लिए गए हैं। भाजपा नेता ने कहा कि इस हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उनके प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। भारत उन लोगों की तलाश में निरंतर प्रयास करेगा जिन्होंने आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दिया है या उन्हें संभव बनाने की साजिश रची है। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री व फतेहाबाद विधानसभा प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा, जगदीश शर्मा, सविता टुटेजा, विकास लालोदा, कंवल चौधरी, संजय रेवड़ी, शम्मी ढींगड़ा, विक्रम शर्मा, बनवारी लाल, रमन मडिया, विनोद खीचड़, विकास शर्मा, सौरभ रत्ती, रमन सरोहा, प्रवीन चंदेल, जगदीश नायक, सुलतान नायक, संदीप भोडिय़ा, रामसिंह सरपंच, आर्यन ग्रोवर, परमजीत बेनीवाल, सुभाष कसवां, सुनील मेहता, संजय बंसल, रामराज मैहता, राममेहर धारसूल, बिट्टू गुर्जर, नीलम मेहता, सुमन बजाज, सतबीर मेहुवाला, लखविंद्र लक्खा, पवन मॉयल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।







फतेहाबाद। बंद पड़ा जाखल का बाजार व पहलगाम हमले के विरोध में प्रदर्शन कर पुतला फूंकते भाजपाई व पहलगाम हमले के मृतकों को श्रद्धांजली देते विभिन्न संस्थाओं के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### पहलगाम आतंकी हमले की नौजवान सभा ने की कड़े शब्दों में निंदा

फतेहाबाद। भारत की जनवादी नोजवान सभा फतेहाबाद ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बायसरण घाटी में हुए बर्बर आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। इस आतंकी हमले में कई निर्दोष पर्यटकों की जान गई और अनेक घायल हुए। यह कायराना हरकत हमारे देश की सामाजिक एकता और नागरिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। नौजवान सभा के जिला प्रधान पवन भूथन और जिला सचिव शाहनवाज ने कहा कि यह हमला न केवल एक सुरक्षा चूक का गंभीर प्रमाण है, बल्कि केंद्र सरकार की नाकामी को भी उजागर करता है। उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय देश की आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाते हैं, तो ऐसे भीषण हमलों के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। डीवाईएफआई केंद्र सरकार से मांग करता है कि इस हमले की निष्पक्ष और गहन जांच कर दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि आतंक का कोई धर्म, जाति या राष्ट्र नहीं होता, यह सिर्फ मानवता का दुश्मन होता है।




सिरसा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन करते हुए व्यापारी।

### आतंकी हमले के खिलाफ प्रदर्शन आज

फतेहाबाद। कश्मीर के पहलगाम में हिन्दुओं पर हुए हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और सर्व समाज की ओर से रोष प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन 25 अप्रैल को शाम 5 बजे होगा। प्रदर्शन की शुरुआत पपीहा पार्क, मॉडल टाउन से होगी। इसके बाद लाल बत्ती चौक पर इस्लामिक जेहादियों का पुतला फूंका जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष एडवोकेट संदीप टांटिया ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ एकजुट समाज की ताकत दिखाएं। यह हमला कायराना है और इसका विरोध जरूरी है। ऐसे में विश्व हिंदू परिषद व सर्व समाज की ओर से किए जा रहे इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होकर इस घटना का विरोध करें।

### पहलगाम हमले पर व्यापार मंडल ने जताया विरोध, किया प्रदर्शन

सिरसा। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल, सिरसा इकाई की ओर से पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को न्याय दिलाने के लिए शहीद भगत सिंह चौक पर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन से पूर्व सभी ने मिलकर मारे गए लोगों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष हीरालाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करते हुए कहा कि पहलगाम में हुई निर्दोष हिंदुओं की हत्या के मामले में सरकार तुरंत प्रभाव से कड़ा संज्ञान ले और आतंकवाद के साथ-साथ पाकिस्तान को भी सबक सिखाने का काम करे। देश की जनता समर्पण भाव से आपके साथ है। इस मौके पर अंजनी कनोडिया, कीर्ति गर्ग, महासचिव अश्वनी बंसल, स. कंवलजीत सिंह व भीम सिंगला ने कहा कि देश में बार-बार हो रहे हमले बर्दाश्त योग्य नहीं है। सरकार को इस प्रकार की घटनाओं को दरकिनार न करते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर आतंकवाद को मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए, ताकि इस प्रकार की घटनाओं की

### पहलगाम हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि, उमड़ा संवेदनाओं का सैलाब

फतेहाबाद। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भयावह हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए पपीहा पार्क के सामने जिन्दगी संस्था की ओर से एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में शहर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि एकत्र हुए। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों, नेताओं और युवाओं ने श्रद्धांजलि चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। दिवंगत आत्माओं की शांति और उनके परिजनों को संबल देने के लिए प्रार्थनाएं की गई। वक्ताओं में पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिलाखेड़ा, आरएसएस नगर संचालक राहुल गोयल, अखंड भारत सेवा दल प्रमुख दीपक सरदाना, सिटी वेलफेयर क्लब प्रधान विनोद अरोड़ा, नागरिक अधिकार मंच से दुष्यंत शर्मा, समाजसेवी राजीव सेतिया, विश्व हिन्दू परिषद से हरीश वर्मा, गौपुत्र सेना संगठन से विकास कुमार, पुनीत ग्रोवर, जितेन्द्र गोस्वामी व जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह

### आतंकवादी हमले में मारे गए पर्यटकों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन, सभी प्रतिनिधियों ने हमले की सख्त शब्दों में निंदा की



डबवाली। शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा श्री गौशाला के संत निवास में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं पीड़ति परिवारों से संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन पंजाब प्रदेश के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय संरक्षक शाम लाल जिंदल, निष्काम के संस्थापक कृष्ण कुमार निराला, सीए अरुण जिंदल, भारत विकास परिषद के प्रतिनिधि सुभाष मैहता, ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के प्रतिनिधि परमजीत कोचर, अरोड़वंश सभा के प्रतिनिधि ओपी सचदेवा, वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के प्रतिनिधि चमन लाल मिढा, सिंगला परिवार डबवाली फाउंडेशन के कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण सिंगला ने दिवंगत आत्माओं को श्रदधांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा जिस तरह से हमला कर हिंदु पर्यटकों को अपनी गोली का निशाना बनाकर उन्हें मौत के घाट उतारा है, यह बहुत ही निंदनीय है। सुरेंद्र सिंगला ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वहां पर हमलावरों को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए की जा रही कार्रवाई एवं पाकिस्तान के खिलाफ लिए गए पांच निर्णय भी आतंकवाद पर अंकुश लगाने की शुरुआत है। इस सभा में डा. प्रेम गोयल, यशपाल गर्ग, विनोद सिंगला पप्पू बीकेओ, कृष्ण गर्ग बीकेओ, रिटायर्ड एसडीओ राकेश बांसल, संतोष शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## हिमाचल में मास्टर गेम्स में उर्मिला ने जीते दो गोल्ड सहित चार पदक जीते

- गोरखपुर पहुंची उर्मिला का पंचायत व ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

भूना। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में हुई नेशनल मास्टर गेम्स में गोरखपुर निवासी 51 वर्षीय उर्मिला नैन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 100 मीटर और 5 किलोमीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीते। रिले रेस में सिल्वर और 1500 मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। उर्मिला वायुसेना से सेवानिवृत्त विंग कमांडर सतपाल नैन की धर्मपत्नी हैं। उन्होंने जिला फतेहाबाद और गांव गोरखपुर का नाम रोशन किया। गांव लौटने पर उर्मिला नैन का जोरदार स्वागत हुआ। ग्राम पंचायत गोरखपुर के सरपंच डॉ. मनदीप योगी और उनकी टीम ने फूल मालाओं और ढोल नगाड़ों के साथ उनका सम्मान किया। सरपंच ने कहा कि 51 वर्ष की उम्र में उर्मिला ने जो उपलब्धि हासिल की है, वह युवाओं के लिए प्रेरणा है। तीन दिवसीय सुपर मास्टर्स गेम्स एवं स्पोर्ट्स फेडरेशन के आयोजन में देशभर से 6 हजार खिलाडिय़ों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 30 वर्ष से अधिक आयु के खिलाडिय़ों ने 24 अलग-अलग खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने खेलों का शुभारंभ किया। उन्होंने बुजुर्ग खिलाडिय़ों के जोश को सलाम किया। सुपर मास्टर्स गेम्स एवं स्पोर्ट्स फेडरेशन के निदेशक तेजस्वी शर्मा और महासचिव विनोद कुमार ने बताया कि विजेता खिलाड़ी ताइवान में होने वाले अंतरराष्ट्रीय गेम्स में भाग लेंगे। गांव में हुए स्वागत समारोह में कोच जयबीर बेनीवाल, सुनीत सिवाच, अशोक मेहता, पीनी पहलवान, कोच अंकित, फकीर चंद धायल व अन्य मौजूद रहे।



भूना। गोल्ड मेडलिस्ट उर्मिला नैन को सम्मानित करते हुए सरपंच डॉ. मनदीप योगी व अन्य पंचायत सदस्य।

## विद्यार्थियों ने पेड़ों पर लगाए सकोरे

- मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है, मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं भी मांग कर पी लेता है, लेकिन मूक पशु पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है। ऐसे में हर व्यक्ति को अपने घरों ही छतों व अन्य स्थानों पर पक्षियों के लिए पीने का पानी अवश्य रखना चाहिए। इसके मद्देनजर मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट के द्वारा बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए पीने के पानी का प्रबंध किया गया। महाविद्यालय में अलग-अलग जगह पर पक्षियों के लिए पानी के लिए सकोरे व घोंसले टांगे गए व दाने के लिए प्रबंध किया ताकि बढ़ती गर्मी में पक्षियों को किसी प्रकार की समस्या ना आए। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. जनक रानी ने एनएसएस यूनिट के छात्रों को प्रकृति प्रेम के बारे में बताया वह भविष्य में पक्षियों के लिए दाने व पानी का प्रबंध करने के लिए प्रेरित किया ताकि बच्चे प्रकृति के साथ जुडक़र अपना जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी में पक्षियों को बचाने के लिए, उनके लिए पानी की व्यवस्था करना बहुत जरूरी है। आप घर के बाहर, छत पर या बालकनी में मिट्टी के बर्तन में पानी रख सकते हैं। पानी के साथ थोड़ी मात्रा में गुड़ भी मिलाएं, इससे पक्षियों को गर्मी से राहत मिलेगी और वे हाइड्रेटेड रहेंगे। इस अवसर पर एनएसएस यूनिट के इंचार्ज पुनीत कुमार वह अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



फतेहाबाद। एमएम बीएड कॉलेज में पक्षियों के लिए पानी के सकोरे टांगते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## बीटेक के परीक्षा परिणाम में छाए विद्यापीठ के विद्यार्थी

सिरसा। जेसीडी मेमोरियल कॉलेज के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान स्थान का नाम रोशन कर दिया। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परिणामों में बीटेक प्रथम वर्ष के सभी विभागों के 12 छात्रों ने टॉप 10 स्थानों पर कब्जा किया है। विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने प्राचार्य डॉ. वरिंद्र सिंह सहित छात्रों को बधाई दी है।

उन्होंने प्रथम वर्ष के शिक्षकों को भी उनकी कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन के लिए सराहना की। प्राचार्य डॉ. वरिंद्र सिंह ने कहा कि प्रथम वर्ष में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग के आठ छात्रों ने यूनिवर्सिटी में पहले 10 स्थानों पर जगह बनाई है जिसमें अर्पित कपूर ने 80. 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करके यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है उसके बाद हरमंदीप सिंह ने 78.75 प्रतिशत के साथ दूसरा, देवांग रोहिला ने 78.13 प्रतिशत के साथ तीसरा, प्रभजोत कौर ने 70.25 प्रतिशत से चौथा स्थान, रोहित ने 76.75 प्रतिशत के साथ पांचवा, निखिल ने 75.38 प्रतिशत से छटा एवं नितिन कुमार ने 74.75 प्रतिशत अंक प्राप्त करके सातवां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार मैकेनिकल विभाग के मनीष यादव ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करके यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। व्यक्तिगत विभाग के छात्र हरदीप ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करके दूसरा एवं पूजा ने 67.14 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पांचवा स्थान हासिल किया। कंप्यूटर विभाग की छात्रा नवजोत गिल ने 81.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करके यूनिवर्सिटी में आठवां स्थान हासिल किया है। सिविल विभाग की छात्रा दीपिका ने 73.25 प्रतिशत अंक प्राप्त करके यूनिवर्सिटी में आठवां स्थान हासिल किया है।

## पदोन्नत होने व बेहतरीन कार्य के लिए अशोक कुमार को किया सम्मानित

- शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता अशोक कुमार को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदपुर रोही में आज शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता अशोक कुमार के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विद्यालय में डीपीई के पद पर कार्यरत अशोक कुमार अब पदोन्नत होकर शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता पद पर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहाबाद में कार्यरत है। उनका यह सम्मान एमपी रोही में कई वर्ष दी गई सेवाओं, बेहतरीन कार्य के लिए किया गया। प्राचार्य भगवान दत्त की अध्यक्षता तथा कलस्टर हैड अशोक गर्ग के संरक्षण में आयोजित सम्मान समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान मुख्यअतिथि रहे व जिला खेल अधिकारी अनूप सिंह, गांव के सरपंच रामेश्वर दास विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। अशोक कुमार की माता सुमित्रा देवी विशेष आमंत्रित अतिथि रही। इस मौके पर डॉ. संदीप कुमार, एसएमसी प्रधान कालूराम, फतेहाबाद के डीपीई गौरीशंकर, डीपीई अमित नेहरा, डीपीई सुभाष भांभू, महेन्द्र सिंह, रामनिवास, अशोक कुमार के भाई राकेश, बेटी परीक्षा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा अशोक कुमार को उनके बेहतरीन कार्य व पदोन्नत होने पर सम्मानित किया वहीं उनकी माता सुमित्रा देवी को भी सम्मानित किया गया। 12वीं कक्षा की छात्रा खुशी ने अशोक कुमार को उनका पोट्रेट बनाकर भेंट किया। प्राचार्य भगवान दत्त ने अशोक कुमार को बधाई देते हुए उन्हें सराहा।



फतेहाबाद। एमपी रोही विद्यालय में डीपीई से पदोन्नत होकर शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता बने अशोक कुमार को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य स्टाफ सदस्य।

जागरूकता | कंगना, अंशरीत और विहान के मंच संचालन कर वाहवाही लूटी

## क्रेसण्ट स्कूल में मनाया गया पंचायती राज दिवस बालिका पंचायत के बारे में बच्चों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसण्ट स्कूल में भागीदारीपूर्ण शासन, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण एवं ग्राम-स्तरीय प्रशासन में डिजिटल परिवर्तन को बढ़ाने पर केंद्रित थीम के साथ पंचायती राज दिवस उत्साह एवं उद्देश्यपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर को मनाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की नींव 'पंचायती राज प्रणाली' के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत एक विशेष प्रार्थना सभा के साथ हुई । कक्षा 9 की छात्रा कंगना व कक्षा 5 के छात्र अंशरीत व विहान के मंच संचालन में अंश, सिया एवं हिनाया ने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत करते हुए पंचायतों के महत्व एवं उनके सामाजिक योगदान का वर्णन किया। दीक्षा एवं रूद्राक्ष ने अपने प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से पंचायत के गठन की प्रक्रिया, उनके कर्तव्यों एवं जमीनी स्तर पर विकास में उनकी भूमिका को विस्तार से बताया। हार्दिक व अंशप्रीत ने 'आया है पंचायती राज, देखो मेरे गांव में, ग्राम पंचायत ही करती, गांव की सुविधाओं का प्रबंध कविताओं का स्वर वाचन किया।

छात्रा ख्याति द्वारा 'बालिका पंचायत' की विस्तार से दी गई जानकारी का छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखा गया। यह एक नई और प्रेरणादायक पहल है, जिसे हरियाणा के फतेहाबाद जिले के बरसीन गांव में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य गाँव की लड़कियों को नेतृत्व के अवसर देना एवं उन्हें पंचायत जैसी लोकतांत्रिक व्यवस्था से जोडऩा है। इस अवसर पर कक्षा नवमी एवं कक्षा चार द्वारा एक लघु नाट्य की प्रस्तुति भी दी गई।नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह दर्शाया कि यदि पंचायत न हो तो गाँव को किन- किन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, तथा कैसे एक सशक्त पंचायत गांव के विकास में सहायक हो सकती है।




फतेहाबाद। क्रेसण्ट स्कूल में पंचायती राज दिवस आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### स्कूल प्रशासन ने बच्चों को सराहा

प्रधानाचार्या पूनम ने विद्यार्थियों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि हर व्यक्ति की भूमिका समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनकर देश के विकास में योगदान दें।